सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पूर्व विधायक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

गंगापुर सिटी (प्रा.सं.)। करौली के ग्राम मुंडिया में 13 जून को स्वर्गीय श्री कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला जी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम एवं विशाल किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित कार्य म के लिए पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कार्यक्रम स्थल का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

शनि जयन्ती पर हुऐ विशेष कार्यक्रम

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। शनि जयन्ती के अवसर पर गुरूवार को प्राचीन शनि मन्दिर शहर स.मा. में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 7.30 बजे से भगवान शनिदेव के महा अभिषेक के साथ हुई। शनिदेव प्रबन्धन समिति प्राचीन शनिदेव मन्दिर के अध्यक्ष डॉ. संगीत गर्ग ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी शनि जयन्ती को लेकर शनि भक्तों में बहुत ही उत्साह है। महा अभिषेक के पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भगवान को सवामण लड्डूओं को भोग लगाकर भक्त गणों में बांटा गया। दिन में महिलाओं का संकीर्तन आयोजित किया गया। जिसमें कि बडी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सायं 7.30 बजे शनिदेव की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें कि शहर के गणमान्य लोगों ने एवं बडी संख्या में भक्तों ने महाआरती में बढ-चढ कर भाग लिया। डॉ. संगीत गर्ग के अनुसार महाप्रसाद एवं महाआरती में डॉ. भरत लाल मथुरिया, डॉ. एस. सी. गर्ग, डॉ. आर. पी. गुप्ता, डॉ. सुमीत गर्ग, डॉ. नितेश सिंघल, प्रवीण मथुरिया, राधेश्याम पंसारी, चेतन मंगनानी (कोषाध्यक्ष), पुजारी रामकिशोर शर्मा, मनीष गोयल (मन्त्री), अरूण गुप्ता, बलराज उपमन्यू, कमलेश गुर्जर, रामराज चैधरी आदि ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

नैतिक ने नीट-यूजी सामान्य वर्ग में हासिल किये 676 अंक

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के घोषित परिणामों में सवाई माधोपुर मुख्यालय एमपी कॉलोनी निवासी नैतिक बंसल पुत्र कपिल बंसल ने नीट यूजी में 720 में से 676 अंक अर्जित कर नीट मे सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। नैतिक ने अपनी सफलता का श्रेय एकाग्रता से अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए नियमित 8-10 घंटे का अध्ययन, ईश्वर के आशीर्वाद और अपने दादा-दादी, पिता और माता को दिया है। नैतिक के दादा गोविंद प्रसाद गुप्ता जिले के सीनियर एडवोकेट है। वहीं उनकी माता सीमा बंसल जिला किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रह चुकी है। जबकि पिता कपिल बंसल व्यवसायी है।

ग्रीष्म अवकाश अभिरूचि शिविर का आयोजन

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन में शुक्रवार को ग्रीष्म अवकाश अभिरूचि शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी इम्त्याज खालिद, आभा शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं की पेंटिंग, मेहंदी, नृत्य एवं व्यावहारिक अंग्रेजी ज्ञान आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं को वर्क करवाया गया। शिविर में 45 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान प्राधानाचार्य चन्द्रशेखर जोशी द्वारा छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उन्हें प्रेरित किया गया।

दिलीप सिंह खिजूरी बने राजपूत करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक राष्ट्रीय कार्यालय जयपुर पर आयोजित हुई जिसमें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने सवाई माधोपुर जिले के खिजूरी गांव निवासी दिलीप सिंह राजावत को राजपूत करणी सेना का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया। दिलीप सिंह खिजूरी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर सवाई माधोपुर जिले के करणी सैनिकों ने खुशी जताई। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह चितारा ने दिलीप सिंह को फोन कर बड़ाई दी एवं सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया की दिलीप सिंह खिजूरी 2006 से करणी सेना के सदस्य है एवं उन्होंने कई पदों पर रहकर समाज की सेवा की है। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार सवाई माधोपुर आने पर त्रिनेत्र गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर दिलीप सिंह का स्वागत किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

राजस्व अधिकारियों को ई-फाईल प्रणाली के तहत ही फाईलिंग कार्य करने के निर्देश दिए

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ।

जिला कलक्टर ने कहा कि राजकीय कार्यालयों के लिए भूमि का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि राज्य सरकार की मंशानुसार उनका उपयोग जनहित में हो सकें। उन्होंने कहा कि पानी एवं बिजली के संबंधित संरचनाओं के निर्माण हेतु भूमि आवंटन के कार्यो को प्राथमिकता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व के पुराने प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की कार्यवाही भी राजस्व अधिकारियों द्वारा अमल में लाई जाए।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय में राज्य हित के लंबित राजस्व संबंधी प्रकरणों का प्रभारी अधिकारी द्वारा पैरवी की जाए। ताकि इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण राज्य हित में हो सकें। उन्होंने लाईट्स पर दर्ज प्रकरणों के भी सीधे निस्तारण के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। साथ ही जिला राजस्व न्यायालयों में 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 20 वर्षों से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों के प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालयों में भूमि रूपान्तरण के लंबित प्रकरणों में स्पष्ट रिपोर्ट भिजवानें व उपखण्ड/तहसील कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निधारित समयावधि 90 दिवस में निस्तारण के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य ने कार्मिकों के 16 व 17 सीसी प्रकरणों के जवाब जिला कलक्टर कार्यालय को शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए है। वहीं उन्होंने भूमि रूपांतरण, नामांतरण, पत्थरगड़ी, सीमाज्ञान सहित रास्तों पर अतिक्रमण प्रकरणों के संबंध में उचित कार्यवाही कर जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को कार्यालय के भौतिक सत्यापन करने के लिए भी निर्देषित किया। उन्होंने राज्य सरकार की मंशानुसार सभी राजस्व अधिकारियों को ई-फाईल प्रणाली के तहत ही फाईलिंग कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम सवाई माधोपुर अनिल चौधरी, एसडीएम मलारना डूंगर बद्रीनारायण, एसडीएम बौंली विनीता स्वामी, एसडीएम खण्डार दामोदर सिंह, सहायक निदेशक लोक सेवाएं रूबी अंसार, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने दिये पेयजल संबंधी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों एवं जारी एफएचटीसी कार्य की समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लक्षित एफएचटीसी की तैयार कार्ययोजना अनुसार कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन योजनाओं पर एफएचटीसी 80 प्रतिषत से 90 प्रतिषत हो गई है उन सभी गांवों को 100 प्रतिषत एफएचटीसी कर हर घर जल गांव की श्रेणी में लाए। उन योजनाओं की सूची आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कलक्टर ने ग्रीष्मकालीन कन्टीजेन्सी प्लान के तहत सवाई माधोपुर में स्वीकृत नलकूपों पर मोटर पम्प सेट स्थापित कर शीघ्र विद्युत कनेक्षन जारी करवाकर आमजन को पेयजल से उपलब्ध करवाने के निर्देश अधिषाषी अभियंता हरज्ञान मीना को दिए। साथ ही ग्रीष्मकालीन कन्टीजेन्सी कार्य के तहत स्वीकृत सभी पम्प सेट, नलकूपों की सूची, विभाग द्वारा प्रतिदिन सही करवाए जा रहे हैण्डपम्पों की रिपोर्ट साप्ताहिक बैठक के दौरान उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में पेयजल संबंधी प्राप्त शिकायतों/प्रकरणों एवं राजस्थान सम्पर्क पॉर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कर पालना रिपोर्ट जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री ने ली शाखा की बैठक

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अब्दुल खालिक सवाई माधोपुर शाखा की बैठक में भाग लेने के लिए दयोदया ट्रेन से सवाई माधोपुर पहुंचे। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर शाखा अध्यक्ष धनजी लाल एवं सचिव पुष्पेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में फूल माला एवम ढोल नगाड़े के साथ साथ भारी संख्या में उपस्थित शाखा सवाई माधोपुर के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ जेसी बैंक डायरेक्टर महेंद्र सिंह खींची एवं मंडल कोषाध्यक्ष डी के शर्मा भी थे।

प्रवक्ता कलीम खान ने बताया कि मंडल मंत्री ने शाखा की मीटिंग में आगामी मान्यता के चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष डी के शर्मा ने सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया वहीं महेंद्र खींची ने न्यू पेंशन योजना को रद्द करने के लिए आंदोलन तेज करने को कहा। इस अवसर पर शाखा पदाधिकारी प्रेमपाल, रवि, तेजराम, रामप्रसाद, इरफान अखिलेश, शरीफ, राकेश, मनोज, मुकेश, निजाम, लोकेंद्र आदि उपस्थित थे। अंत में शाखा सचिव पुष्पेन्द्र शर्मा ने सभी को आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा।

समर केंप में बालकों को बताया लोकतन्त्र का महत्व

चौथ का बरवाड़ा (प्रा.सं.)। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों में सर्वांगीण विकास में समर कैंप का संचालन बेहद सहायक सिद्ध हो रहा है। धर्म जागरण मंच की ओर से द्वितीय आत्मरक्षा, चरित्र निर्माण एवं सनातन संस्कृति शिविर समर कैंप लगाकर बच्चों को खेलों के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जा रहा हैं।

शिविर संयोजक अनेन्द्र सिंह आमेरा ने बताया कि गर्मियों की छुट्टी में धर्म जागरण मंच द्वारा के बच्चों को छुट्टियों मे शिक्षा की मुख्यधारा में बनाए रखने और बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए समर कैंप का आयोजन कर रहे हैं। शुक्रवार को समर केंप के मुख्य वक्ता बूथ लेवल अधिकारी गिर्राज प्रसाद वर्मा रहे। उन्होने बालकों को स्वस्थ लोकतन्त्र का महत्व बताया साथ की मताधिकार का प्रयोग किया जाना कितना आवश्यक है।

सेविका हॉस्पिटल में हुआ जिले का पहला हेयर ट्रांसप्लांट

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। जिला मुख्यालय पर स्थित अपेक्स रणथम्भौर सेविका हॉस्पिटल में जिले का पहला हेयर ट्रांसप्लांट किया गया।

हॉस्पिटल के केंद्र अधीक्षक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि गुरुवार को ग्राम बहरावंडा के मरीज विनोद माली जो की काफी समय से आनुवांशिक गंजापन बीमारी से पीड़ित थे, उनका हॉस्पिटल के वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद शर्मा द्वारा इलाज भी चल रहा था। करीब 4 माह से संबंधित बीमारी के लिए वो चिकित्सक से परामर्श भी ले रहे थे। डॉक्टर साहब के इलाज से वो पूरी तरह संतुष्ट भी थे।

उनके जो बाल बच रहे थे वो झड़ना बंद हो गए थे, परंतु उनके जो बाल उड़ गए थे उनका उगना संभव नहीं था। मरीज विनोद माली का मानना था कि पूर्ण रूप से गंजापन हेयर ट्रांसप्लांट करवाने से और अधिक अच्छे रूप से दूर होगा। इसके लिए वह गुरुवार को प्रातः 8 बजे

हॉस्पिटल में आए जहां पर डॉक्टर विनोद शर्मा और उनकी टीम ने उनको ऑपरेशन कक्ष में ले जाकर उनके ही शरीर से बाल निकालकर करीब 6 घंटे की सर्जरी द्वारा 4500 के लगभग वालों का प्रत्यारोपण उनके सिर में किया। डॉक्टर ने मरीज विनोद माली को हेयर ट्रांसप्लांट के सात दिन तक सर पर पानी, तेल, शैंपू आदि का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी और साथ में आवश्यक दवाई उनको उपलब्ध करवाई। खाने में किसी भी प्रकार का कोई परहेज नहीं बताया।

डॉक्टर विनोद शर्मा ने बताया कि 4 से 6 माह के अंदर प्राकृतिक तौर पर उनके बाल उग जाएंगे और सामान्य रूप से सामान्य पुरुष की भांति रहेंगे। ट्रांसप्लांट से पूर्व जहां सर में ट्रांसप्लांट किया जाता है उस जगह को सुन्न किया जाता है। उसके पश्चात ही वैज्ञानिक पद्धति से बालों का प्रत्यारोपण किया जाता है। इसमें कोई साइड इफेक्ट नहीं है, किसी भी प्रकार की कोई चिंता वाली कोई बात नहीं है।

यह एक सामान्य प्रक्रिया है जो आजकल काफी प्रचलन में है। बहुत मरीजो ने इसका लाभ लिया है। अभिमन्यु सिंह ने बताया कि सवाई माधोपुर में अपेक्स रणथम्भौर सेविका हॉस्पिटल में यह पहला हेयर ट्रांसप्लांट ऑपरेशन है। जो अपने आप में एक उपलब्धि है। एपेक्स हॉस्पिटल में सभी बीमारी के चिकित्सक 24 घं

गर्मी एवं हीटवेव से बचाव के लिए संभागीय आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

अधिकारियों को आमजन तक राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करने के दिये निर्देश

जयपुर, (प्रा.सं.)। जयपुर संभाग में भीषण गर्मी एवं हीटवेव से आमजन को राहत दिलाने के लिए संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संभागीय आयुक्त ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जयपुर संभाग में पेयजल व्यवस्था, जल जीवन मिशन के तहत लंबित विद्युत कनेक्शन, सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को जल आपूर्ति के दौरान चेकिंग के समय पायी गई अनियमितताओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही स्वीकृत ग्रीष्मकालीन आकस्मिक कार्य एवं अन्य स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से संभाग में विद्युत आपूर्ति एवं अन्य संबंधित विषयों चर्चा की। बिजली एवं पानी बचाने हेतु आईईसी गतिविधियां की जाए। इसमें स्वयं सेवी संगठनों,औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संभाग में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गर्मी एवं हीटवेव के साथ-साथ मौसमी बीमारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों से जुड़ी आवश्यक इंतजाम, सफाई व्यवस्था, दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों एवं नर्सिंग कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा गांवों में जल स्त्रोतों का चिन्हीकरण किया जाये एवं यथासंभव जल स्त्रोतों के पास वृक्षारोपण किया जाये। वृक्षारोपण हेतु प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित किया जाये एवं आने वाले मानसून में एक व्यक्ति-एक पेड़ अभियान प्रारम्भ किया जाए। वनीकरण, वृक्षारोपण कार्यों, अधिक पौधारोपण किये जाने के प्रयासों के साथ-साथ इनका रख-रखाव भी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

भूप्रेमी परिवार के परिण्डा अभियान का समापन

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। भूप्रेमी परिवार संगठन द्वारा चलाए जा रहे पशु-पक्षी जलपान कार्यक्रम के तहत 21 वें दिन खेरदा स्थित रीको पार्क में पांच परिंडे लगाकर अभियान का समापन कर दिया गया।

अभियान प्रभारी हेमराज रावल ने बताया कि हमारा संगठन पिछले 25 वर्षों से जिले में अलग-अलग क्षेत्र में सेवा देता रहा है। इसी तरह की सेवा कार्यों के तहत पशु-पक्षियों के प्रति लोगों में सेवा की भावना पैदा करने और उनकी भूख प्यास बुझाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष भी संगठन ने 21 दिनों तक लगातार अलग-अलग कॉलोनी-मोहल्ला और गांवो में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। वहीं लोगों को पशुओं के लिए पानी की टंकियां रखने के लिए प्रेरित किया।

कंडेरा कल्याण बोर्ड ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कोटा (प्रा.सं.)। आज दिनाक 7 जून 2024 शुक्रवार को कंडेरा समाज महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमन मठसिंहला व युवा मोर्चा कोटा ने संयुक्त रूप से कलक्ट्रेट मे A.D.M सिटी कोटा को कंडेरा कल्याण बोर्ड के गठन के लिए एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें सरकार से अपील की गई हैं कि कंडेरा कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए ताकि कंडेरा कल्याण बोर्ड गठन होने से समाज की दयनीय स्थिति में सुधार हो एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध होने से समाज का पिछडापन दूर होगा और बच्चों की शिक्षा मे भी सहयता मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के पदाधिकारी हेमा मठसिंहला, मधु सोनगरा, सुनीता बडेसरा, पुष्पा देवी, महक, राजेन्द्र जी बडेसरा,मोनू कंडेरा, सुरेंद्र सिंह मठसिंहला,साहिल सोनगरा आदि उपस्थित रहे।

स्कूटी के फिसलने से एक 16 वर्षीय किशोर की मौत

सवाई माधोपुर (प्रा.सं.)। जिला मुख्यालय पर शहर के निकट कुशाली दर्रा रोड़ पर हुऐ दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो जाने से जिला मुख्यालय पर अचानक शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार जिले से खण्डार रोड़ होकर जाने वाले टोंक-चिरगांव नेशनल हाईवे 552 पर भौमिया की टेक कुशाली दर्रा के नजदीक सड़क दुर्घटना में एक 16 वर्षीय स्कूटी सवार की मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जबकि दुर्घटना में घायल एक अन्य किशोर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल भंवर सिंह के मुताबिक चार-पांच किशोर 2-3 दुपहिया वाहनों से घूमने के लिए जा रहे थे। इस दौरान एक स्कूटी पर मिहिर पहाड़िया व नबील अहमद सवार थे। भौमिया की टेक कुशालीदर्रा के नजदीक उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में 16 वर्षीय मिहिर पहाड़िया पुत्र योगेश पहाड़िया निवासी खटीक मोहल्ला आलनपुर की मौत हो गई। वहीं 17 वर्षीय नबील अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी सवाई माधोपुर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार मिहिर के पिता योगेश पहाडिया चित्तौड़गढ़ में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। मिहिर और उसकी बड़ी बहन अपने नाना रामनिवास खटीक के पास आलनपुर में रहती है। मिहिर के पिता और माता में कई दिनों से विवाद चल रहा है। मिहिर ने इसी साल दसवीं की परीक्षा पास की थी। जो दोस्तों के साथ घूमने जाते समय हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार सामान्य चिकित्सालय में माता पिता के बीच बेटे की मौत के बाद शव लेने को लेकर विवाद हो गया। माँ सीमा पहाड़िया बेटे का शव लेने की बात कर रही थी, वहीं पिता ने कानून का हवाला देते हुए बेटे का शव उन्हें देने की मांग की। इसके चलते शव का पोस्टमार्टम करने में भी काफी समय लग गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव मृतक के पिता को सौंप दिया।

इस दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी इसकी काफी चर्चा रही। लोगों ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुऐ किशोर युवाओं को वाहन चलाते समय अधिक सावधानी एवं सतर्कता रखने की बात की। लोगों में यह भी चर्चा रही की किशोर बच्चों एवं युवाओं में खासकर बाईक चलाते समय वाहन दौड़ाने और स्टंट दिखाने का भूत सवार रहता है। जिसके प्रति उनको समझाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। माता पिता को भी अपने बच्चों को वाहन देने से पहले उन्हे यातायात नियमों एवं सतर्कता व सावधानी के प्रति जागरूक करना चाहिए।

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्लॉट नं.1, प्रथम तल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्किल, कोटा- 324007

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगाः

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तपशील	थकबाकी रकम	रखीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1	अकरम खान (उधारकर्ता) तस्लीम बानो (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या एलएचकेओटी00001321773 और एलएचकेओटी00001321772	चंद्रेसल रोड खारी बावड़ी कोटा राजस्थान- 324002	रु. 22,90,376/- 04 जून, 2024	रु. 25,54,194/- / रु. 2,55,420/-	08 जुलाई, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	16 जुलाई, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **15 जुलाई, 2024** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 1, प्रथम तल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्किल, कोटा- 324007** तहत **दि. 15 जुलाई, 2024** को **4.00 बजे** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 1, प्रथम तल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्किल, कोटा- 324007** तहत **दि. 15 जुलाई, 2024** को **शाम 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **कोटा** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. **9920807300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 08 जून, 2024
स्थान : कोटा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड